TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

## जयंती विशेष

**26 अगस्त 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

महत्वपूर्ण ये नहीं की आपने कितना दिया जरूरी ये है

कि देते समय आपने कितने प्रेम से दिया।



**मदर टेरेसा**

**( समाज सेविका )**

**जन्म: 26 अगस्त 1910 मृत्यु: 05 सितंबर 1997**

राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 26 अगस्त

1. **मदर टेरेसा का जन्म–** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त 1910ई. को मेसीडोनिया (युगोस्लाविया) की राजधानी स्कोपजी हुआ था। उनका पूरा नाम अग्नेस गोनक्शा बोंजाक्शिहऊ था। मात्र 18 वर्ष की उम्र में दीक्षा लेकर वे सिस्टर टेरेसा बनीं और वर्ष 1929 ई. में कोलकाता आयी। शिक्षिका का काम करने के बाद वे नर्सिंग की ट्रेनिंग पूरी कर गरीबों और अनाथों की सेवा में लग गई। उन्होनें 'मिशनरीज और चैरिटी' की स्थापना की और 'निर्मल हृदय' तथा 'निर्मल शिशु भवन' के नाम से आश्रम खोला। पीड़ित मानवों की सेवा के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री सहित 'भारत रत्न' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। (देखें: **5 सितम्बर**)
   - **संदर्भः** बच्चों को वर्ग पांच की हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'कोंपल भाग 3' के अध्याय 9** और वर्ग सात के अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक **'रेडियंस भाग 2' के पाठ 8** से जोड़कर बतायें।

2. **लेवाजियर का जन्म–** फ्रांस के प्रसिद्ध रसायन शास्त्री ऐन्टोनी लेवाजियर का जन्म 26 अगस्त, 1743 ई. को पेरिस में हुआ। उन्हें 'आधुनिक रसायन का जनक' कहा जाता है। उन्होंने ही दुनिया को बताया की किसी पदार्थ के जलने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। उन्होंने वर्ष 1778 में ऑक्सीजन और वर्ष 1783 में हाइड्रोजन का खोज किया।
   - **संदर्भः** बच्चों को विज्ञान के **'धातु और अधातु'** पाठ से जोड़कर बतायें।

3. **अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस–** अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में उन्नीसवीं संशोधन वर्ष 1920 के लागू होने की स्मृति में मनाया जाता है। इस कानून के द्वारा बिना लैंगिक भेदभाव किये, महिलाओं को भी वोट देने का अधिकार प्रदान किया गया।
   - **संदर्भः** कक्षा 7 के नागरिक की पाठ्यपुस्तक **'सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन भाग 2'** के अध्याय 5 **'समानता के लिए महिला संघर्ष'** से जोड़कर बतायें।

- **क्या आप जानते हैं?**
  1. 26 अगस्त, 1303 ई. को अलाउद्दीन खिलजी ने चितौड़गढ पर कब्जा कर लिया।

M o n d a y

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

26 अगस्त

## मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस 26 अगस्त



संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान में 19वें संशोधन को 1920 में अपनाने के उपलक्ष में 26 अगस्त को संयुक्त राज्य अमेरिका में महिला समानता दिवस मनाया जाता है, जो राज्यों और संघीय सरकार को संयुक्त राज्य के नागरिकों को वोट देने के अधिकार से वंचित करने से रोकता है लिंग के आधार पर। यह पहली बार 1971 में मनाया गया था, जिससे 1973 में कांग्रेस द्वारा नामित किया गया था और हर साल संयुक्त राष्ट्र के राष्ट्रपति द्वारा घोषित किया जाता है। महिला समानता दिवस यानी कि "वूमेन इक्वलिटी डे" जिसे आज यानी 26 अगस्त को मनाया जाता है कानून की नजर में भले ही महिला और पुरुष को बराबर का अधिकार मिला हुआ हो, लेकिन समाज में अभी भी महिलाओं को लेकर लोगों के मन में दोहरी मानसिकता होती है। उन्हें आज भी पुरुष के बराबर का अधिकार नहीं मिला है। लेकिन क्या आप जानते हैं- कि महिला समानता के अधिकार की बात सबसे पहले किस देश में हुई थी दरअसल इस बारे में बात करने के लिए सबसे पहले अमेरिका की महिलाएं मुखर हुई। महिलाओं को अमेरिका में वोट देने का भी अधिकार नहीं था। 50 सालों तक चली लड़ाई के बाद अमेरिका में महिलाओं को 26 अगस्त 1920 के दिन वोटिंग का अधिकार मिला। इस दिन को याद करते हुए महिला समानता दिवस मनाया जाने लगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 की थीम दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र सुमन की घोषणा की गई थी । इस साल महिला समानता दिवस का थीम है- Embrance Equality यानि समानता को अपनाओ। यह विषय लैंगिक समानता हासिल करने की जरूरत पर प्रकाश डालता है, जो न केवल आर्थिक विकास के लिए बल्कि मौलिक मानवाधिकारों के लिए भी आवश्यक है।

# जयंती विशेष 26 अगस्त

राकेश कुमार




**मदर टेरेसा** *Mother Teresa*, जन्म- 26 अगस्त, 1910, यूगोस्लाविया; मृत्यु- 5 सितंबर, 1997) रोमन कैथोलिक नन थीं, जिन्होंने सन 1948 में स्वेच्छा से भारतीय नागरिकता ले ली थी। उन्होंने 1950 में कोलकाता में 'मिशनरीज़ ऑफ़ चैरिटी' की स्थापना की। 45 सालों तक गरीब, बीमार, अनाथ और मरते हुए लोगों की मदद की और साथ ही 'मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी' के प्रसार का भी मार्ग प्रशस्त किया।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 26.08.2024

## सूक्ति

सूक्ति एक संक्षिप्त वाक्य होता है जो कि अत्यन्त सारगर्भित होता है। जिसका जी भाव पल्लवन करने पर बड़ी व्याख्या प्राप्त होती है। सूक्तियों का प्रयोग चौपाई छंद दोहा आदि में किया जाता है इनसे भाषा चुटीली एवम् सारगर्भित हो जाती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**भारत** की सबसे धीमी ट्रेन, निलगिरी माउंटेन पैसेंजर ट्रेन, तमिलनाडु की हरी-भरी और खूबसूरत घाटियों से होकर गुजरती है, यह ट्रेन मात्र 46 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग 5 घंटे का समय लेती है। यह ट्रेन 1908 में शुरू की गई थी और अब इसे युनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

cricket

## शिखर धवन का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास:

**2022 में आखिरी टूर्नामेंट खेला था, बोले- टीम इंडिया में खेलना बचपन का सपना था**

### शिखर धवन का इंटरनेशनल करियर

**टेस्ट**
**मैच-** 34
**रन-** 2315
**स्ट्राइक रेट-** 66.95
**100/50-** 7/5

**टी-20**
**मैच-** 68
**रन-** 1759
**स्ट्राइक रेट-**126.36
**100/50-** 0/11

**वनडे**
**मैच-** 167
**रन-** 6793
**स्ट्राइक रेट-** 91.35
**100/50-** 17/39




# श्री कृष्ण जन्माष्टमी

राकेश कुमार

**26 अगस्त**



**कृष्ण जन्माष्टमी** भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव है। योगेश्वर कृष्ण के भगवद्गीता के उपदेश अनादि काल से जनमानस के लिए जीवन दर्शन प्रस्तुत करते रहे हैं। जन्माष्टमी को भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में बसे भारतीय भी इसे पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं। श्रीकृष्ण ने अपना अवतार भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मध्यरात्रि में कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में लिया। चूंकि भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे अत: इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। इसीलिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा नगरी भक्ति के रंगों से सराबोर हो उठती है।


Happy
Janmashtami
26 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org

26 अगस्त



महिलाओं के आत्म सम्मान, समानता और अधिकारों को समर्पित

# महिला समानता दिवस

पर समस्त नारी शक्ति को नमन

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari

26 अगस्त



त्याग और सेवा की प्रतिमूर्ति भारत रत्न
नोबेल पुरस्कार से सम्मानित

**मदर टेरेसा**

की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन
26 अगस्त 1910 - 5 सितंबर 1997

Punita Kumari


www.teachersofbihar.org




/teachersofbihar



Happy Krishna Janmashtami
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
www.teachersofbihar.org




www.teachersofbihar.org


अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस
26 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
महिलाएं किसी भी राष्ट्र के निर्माण और विकास का मुख्य आधार है।
अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस
पर समस्त नारी शक्ति को नमन।
Madhu priya
/teachersofbihar